प्रादेशिक समाचार

दिनांक–22.04.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. आयुष्मान भारत योजना घोटाला मामले में ईडी ने रांची में फिर दी दबिश, लालपुर और चुटिया में कई ठिकानों पर हो रही छापेमारी।
2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एफसी बार्सिलोना संग्रहालय का किया भ्रमण, झारखंड में खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए एलेना फोर्ट से की चर्चा।
3. रिम्स के पूर्व निदेशक डा. राजकुमार ने झारखंड हाईकोर्ट में दायर की याचिका, निदेशक पद से हटाये जाने के सरकार के फैसले को दी चुनौती।
4. मौसम विभाग ने राज्य में कल से हीट वेव चलने का जारी किया येलो अलर्ट, कई जिलों का पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार।
5. रांची में तीन से पांच मई तक आयोजित होने वाली सैफ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पाकिस्तान के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अरशद नदीम भी लेंगे भाग।

*****************

प्रवर्तन निदेशालय–इडी ने एक बार फिर राजधानी रांची में दबिश दी है। इडी की टीम रांची में एक साथ कई ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। जानकारी के अनुसार लालपुर थाना क्षेत्र के हरिओम टावर और चुटिया थाना क्षेत्र के कुछ ठिकानों पर छापामारी की जा रही है। सूत्रों के अनुसार यह छापेमारी आयुष्मान भारत योजना में हुई वित्तीय अनियमितता को लेकर की जा रही है।

*****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में स्पेन गए 11 सदस्यीय टीम ने वहां निवेश व सहयोग को लेकर बैठक और भ्रमण का दौर शुरू कर दिया है। इस कड़ी में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एफसी बार्सिलोना की उपाध्यक्ष एलेना फोर्ट से मुलाकात की। इस दौरान श्री सोरेन ने झारखंड की खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने और विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे को विकसित करने पर चर्चा की। श्री सोरेन ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि एलेना फोर्ट से मुलाकात और सार्थक चर्चा काफी सुखद रहा।

*****************

रिम्स के पूर्व निदेशक डॉ राजकुमार ने अपने निलंबन के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। उन्होंने उन्हे निदेशक पद से हटाने के सरकार के फैसले को चुनौती दी है। डा. राजकुमार ने दावा किया है कि उन्हें हटाया जाना नियम के विरुद्ध है। उन्होंने कोर्ट से न्याय की गुहार लगाई है और पूरे मामले की जांच की मांग की है।

*****************

बोकारो जिले के लुगू पहाड़ की तलहटी में मुठभेड़ में आठ नक्सलियों को मार गिराने के बाद पुलिस ने मुख्यधारा से भटके लोगों पर आत्मसमर्पण करने का दवाब बढ़ा दिया है। बोकारो में एडीजी अभियान संजय आनंद लाठकर ने कहा कि सुरक्षा बलों को मिली इस कामयाबी से गिरिडीह के पारसनाथ और बोकारो के झुमरा एवं लुगू पहाड़ इलाके से नक्सलियों का खात्मा हो चुका है।

मौके पर मौजूद सीआरपीएफ के आईजी साकेत सिंह ने कहा कि झारखंड में सीआरपीएफ और झारखंड पुलिस के कोऑर्डिनेशन का ही नतीजा है कि नक्सलियों के खिलाफ लगातार सफलता मिल रही है। उन्होंने नक्सलियों को आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी है।

*****************

राज्य के परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ ने राजस्व संग्रहण को लेकर समीक्षा बैठक की। रांची में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि राजस्व संग्रहण के लिए वार्षिक लक्ष्य को चार माह में पूरा करना अनिवार्य है। लक्ष्य पूरा नहीं करनेवाले पदाधिकारियों पर कार्रवाई की जायेगी। श्री बिरुआ ने जिला परिवहन पदाधिकारियों को सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सघन अभियान चलाने का भी निर्देश दिया।

*****************

भारत सरकार ने ईसाइयों के सर्वोच्च पादरी पोप फ्रांसिस के सम्मान में तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। पोप फ्रांसिस का कल निधन हो गया। दो दिन का राजकीय शोक आज और कल रहेगा जबकि अंतिम

संस्कार के दिन भी राजकीय शोक होगा। देश भर में राजकीय शोक के दौरान सभी इमारतों पर राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा और कोई आधिकारिक मनोरंजन कार्यक्रम नहीं होगा।

*****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पोप फ्रांसिस के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की है। श्री सोरेन ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि उनका जीवन करुणा, आशा और विनम्रता का प्रमाण था। इधर, कैथोलिक रांची धर्मप्रांत के आर्च बिशप विसेंट आइंद समेत राज्य के ईसाई समाज की बड़ी हस्तियों ने भी पोप फ्रांसिस के निधन पर दुख जताया है।

*****************

राज्य के मंत्री हफ़ीजुल हसन के संविधान पर दिए गए विवादित बयान के बाद से ही भाजपा उनके खिलाफ हमलावर है। इस सिलसिले में भाजपा ने हजारीबाग में आक्रोश मार्च निकाला और राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन उपायुक्त को सौंपा। प्रदर्शन में सांसद मनीष जायसवाल और विधायक प्रदीप प्रसाद भी शामिल हुए। मौके पर श्री जायसवाल ने कहा कि मंत्री का बयान संविधान विरोधी है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

*****************

लोहरदगा जिले में पोषण पखवाड़ा के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है और लोगों को जागरुक करने का प्रयास जारी है।

*****************

और अब कुछ संक्षिप्त खबरें –

- हजारीबाग झील में एक युवक के डूबने से मौत हो गई। 24 घंटे बाद आज भाजपा विधायक प्रदीप प्रसाद की पहल पर आलोक गौरव का शव झील से निकाला जा सका।
- देवघर सदर अस्पताल में फाइलेरिया मरीजों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिले के कुल 68 फाइलेरिया मरीजों की जांच की गयी।
- पाकुड़ जिले में पुलिस ने 12 मवेशियों से लदा एक वाहन जब्त किया है। इस सिलसिले में वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।
- सरायकेला खरसावां जिले में 108 एंबुलेंस कर्मियों की हड़ताल खत्म हो गयी है। साकारात्मक त्रिपक्षीय वार्ता के बाद एम्बुलेंसकर्मी काम पर लौट आये हैं।

*****************

मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में रांची समेत राज्य कई हिस्सों में उमस भरी गर्मी होने की संभावना व्यक्त की है। कई जिलों में हीट वेव चलने की भी आशंका व्यक्त की गयी है। मौसम विभाग ने कहा है कि यह स्थिति 26 अप्रैल तक बरकरार रह सकती है। इसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

*****************

रांची में तीन से पांच मई तक प्रस्तावित सैफ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पाकिस्तान के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अरशद नदीम भी भाग लेंगे। पाकिस्तान टीम की ओर से उनकी इंट्री भारतीय एथलेटिक्स महासंघ को प्राप्त हो गयी है। हालांकि पाकिस्तान टीम के वीजा को लेकर अभी संशय बरकरार है।

*****************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने बोकारो में आठ नक्सलियों के मारे जाने और पोप फ्रांसिस के निधन की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने कोडरमा के पूर्व सांसद तिलकधारी सिंह के निधन की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

दैनिक जागरण ने लिखता है– आइएएस मनीष रंजन के कार्यकाल में हुई थी 2 करोड़ 71 लाख की फर्जी निकासी।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं– चन्द्रपुरा पावर प्लांट में दो नयी यूनिट के लिए कोल इंडिया व डीवीसी से करार।

प्रभात खबर लिखता है– सोना लखटकिया होने जा रहा, महज 200 रुपये पीछे।